# ट्रक में ले जाया जा रहा 2292 किलो डोडा-चूरा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

## निम्बाहेड़ा इलाके से बाड़मेर की ओर अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा ले जा रहा था ट्रक



सीबीएन टीम ने वल्लभनगर तहसील के महाराज की खेड़ी गांव के पास डोडा-चूरा पकड़ा।

- **ट्रक ड्राइवर ने पूछताछ में बताया कि सीमेंट की बोरियों के नीचे अवैध डोडा-चूरा छिपाया गया है**
- **टीम ने गिरफ्तार व्यक्ति के निम्बाहेड़ा स्थित घर की तलाशी में बाइक व रजिस्टर जब्त किया**

**कोटा,** (निसं)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत् केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) टीम ने उदयपुर जिले की वल्लभनगर तहसील के महाराज की खेड़ी गांव के पास कार्रवाई करते हुए एक ट्रक में तलाशी के दौरान सीमेंट की बोरियों के नीचे छिपाकर रखा गया 2292.460 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया। वहीं पुलिस ने मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया है।

केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि राजस्थान पंजीकरण संख्या वाला एक ट्रक निम्बाहेड़ा इलाके से बाड़मेर की ओर अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा ले जा रहा है। सूचना पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) जिला अफीम अधिकारी चित्तौड़गढ़ डिवीजन-2 के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके पर रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध रास्ते पर कड़ी निगरानी रखी और टीम के अधिकारियों द्वारा गाड़ी की पहचान करने के बाद ट्रक को रुकने का इशारा किया गया। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि ट्रक ड्राइवर द्वारा ट्रक रोकने के बाद टीम ने ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की तो पूछताछ में बताया कि सीमेंट की बोरियों के नीचे अवैध डोडा-चूरा छिपाया गया है। पूछताछ में बताया कि गाड़ी का मालिक निम्बाहेड़ा में रहता है और वह लगातार संपर्क में है। टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए ट्रक में सवार को डिटेन कर ट्रक की तलाशी के लिये ट्रक को सीबीएन कार्यालय लाया गया और एक टीम गाड़ी के मालिक का पता लगाने के लिए निम्बाहेड़ा भेजी गई। मौके पर पहुंची टीम ने निम्बाहेड़ा में संदिग्ध व्यक्ति का पता लगा लिया और व्यक्ति को डिटेन कर कार्यालय लाया गया।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने कार्यलय में उक्त ट्रक की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान सीमेंट की बोरियों के नीचे छिपाकर रखी गई 118 बोरियों में अवैध मादक पदार्थ 2292.460 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया गया। टीम ने गिरफ्तार व्यक्ति के निम्बाहेड़ा स्थित घर की तलाशी ली तो वहां से एक बाइक और एक रजिस्टर जब्त किया गया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत बरामद अवैध डोडा-चूरा तथा एक ट्रक एवं एक मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है तथा एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया, मामले में आगे की जांच प्रकिया जारी है।

# गंगापुर में सवा घंटे तक हुई झमाझम बारिश से सड़कों पर पानी भरा

- **नया बाजार-कचहरी रोड पर घुटनों तक पानी भरा, वजीरपुर में किसानों की चिंता बढ़ी**
- **तिल और बाजरे की फसल तैयार हो रही है, बारिश के कारण किसान खेतों में नहीं जा पा रहे हैं**

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गंगापुर सिटी शहर और आसपास के इलाकों में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। दोपहर तक तेज धूप के बाद दोपहर में काले बादल छा गए और कुछ देर बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके बाद तेज बारिश का दौर चला, जो सवा घंटे से ज्यादा समय तक जारी रहा। बारिश से शहर की सड़कों पर पानी बह निकला और नया बाजार, फव्वारा चौक, कचहरी रोड, उदेई मोड़ और सालोदा समेत कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। वहीं वजीरपुर क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से उमस से राहत मिली, लेकिन तिल और बाजरे की पकने को तैयार फसल को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई।

बारिश के दौरान शहर की मुख्य सड़कों पर पानी नदी की तरह बहने लगा। पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। दुकानदारों, राहगीरों और वाहन सवारों को पानी के बीच से गुजरना पड़ा। शहर की गलियों और मोहल्लों में भी बारिश का पानी जमा हो गया।

**वजीरपुर में हवाओं के साथ बरसे बादल :-** वजीरपुर इलाके में सुबह से ही बादल छाए रहे। दोपहर तीन बजे के बाद तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश और ठंडी हवाओं से मौसम सुहावना हो गया और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। हालांकि, बारिश ने खेतों में पकने को तैयार फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

**तिल-बाजरे की फसल पर बारिश का असर :-** इन दिनों इलाके में तिल और बाजरे की फसल पकने वाली है। कई किसानों ने कटाई शुरू कर दी है, जबकि कुछ किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। मीना गांव के किसान मुनेश मीना ने बताया कि तिल और बाजरे की फसल तैयार हो रही है। बारिश के कारण किसान खेतों में नहीं जा पा रहे हैं। अगर तेज हवा और बारिश जारी रही तो तैयार फसल के गिरने तथा कटाई के बाद खेत या अन्य स्थान पर रखी फसल के खराब होने की आशंका है।

किसान ताराचंद मीना, बलराम मीना और अजीत टाटू ने बताया कि बारिश के बाद खेतों में जगह-जगह पानी जमा हो गया है। ग्रामीण इलाकों के कच्चे रास्तों पर कीचड़ होने से आवागमन में भी परेशानी हुई। अब किसानों की नजर मौसम साफ होने पर टिकी है।

# खेत से सोलर प्लेट और केबल चोरी

**टोंक,** (निसं)। निवाई के पहाड़ी गांव में एक किसान के खेत से लाखों रुपए का सोलर सिस्टम और कॉपर वायर चोरी का मामला सामने आने के बाद किसान ने बरोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है। किसान शिवराज पुत्र रामपाल जाट ने पुलिस को बताया कि उसकी कृषि भूमि पहाड़ी क्षेत्र में है। जब वह सुबह खेत पर गया तो उसे सौर ऊर्जा की प्लेटें और मोटर की केबल वहां नहीं मिलीं। इस क्षेत्र में पहले भी किसानों के कुओं पर चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, इससे किसानों को अपने खेतों पर लगे कृषि उपकरणों की सुरक्षा की चिंता सता रही है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर चोरों का पता लगाने की मांग की है। बरोनी थाना प्रभारी जयमल सिंह ने बताया कि किसान की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# बूंदी अस्पताल में ऑपरेशन से डिलीवरी के बाद तीन प्रसूतायें कोटा रैफर, दो की मौत

- **मामले में चिकित्सकों का कहना था कि ब्लड अत्यधिक बह जाने के कारण पल्स डाउन और बीपी कम हो गया था**
- **बुधवार को जनाना अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में तीन प्रसूताओं का ऑपरेशन द्वारा प्रसव करवाया गया था**

**बूंदी,** (निसं)। पिछले दिनों कोटा सहित राज्य के अन्य अस्पतालों में ऑपरेशन बाद प्रसूताओं की मौत के बाद भी चिकित्सा प्रशासन सबक नहीं ले रहा हैं। बूंदी जिला अस्पताल के जनाना विंग में लगातार लापरवाही की घटनाएं सामने आ रही है। बुधवार को जनाना अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में तीन प्रसूताओं का ऑपरेशन द्वारा प्रसव करवाया गया। ऑपरेशन के बाद प्रसूताओं की तबीयत खराब होने पर तीनों को कोटा रैफर कर दिए जाने की बात सामने आई है। कोटा रेफर की गई इन तीन प्रसूताओं में से दो प्रसूताओं की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतक प्रसूता कविता कुमावत के पति भागचंद कुमावत ने बताया कि बड़ा नया गांव कुमावतों की झोपड़ियां निवासी 25 वर्षीय कविता कुमावत की शादी उसके साथ हुई थी। प्रथम डिलेवरी 3 साल पहले ऑपरेशन से हुई। दूसरी डिलेवरी के लिए बुधवार को जिला अस्पताल में प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती करवाया था, जहाँ चिकित्सको ने ऑपरेशन से डिलेवरी किए जाने की बात कही। जिस पर 12 बजे कविता को ओ.टी में लिया गया और ऑपरेशन के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट किया। इन्होंने बताया कि वार्ड में शिफ्ट करने के कुछ समय बाद वहां मौजूद चिकित्सक और कर्मचारियों को पता लगा कि कविता के ब्लडिंग अधिक हो रही है, तो उन्होंने तुरंत कविता को कोटा रैफर कर दिया। रेफर करने के बाद परिजन 4 बजे बाद कविता को कोटा लेकर गए, जहां शाम 6 बजे निजी चिकित्सालय में कविता की मौत हो गई। मामले में चिकित्सकों का कहना था कि ब्लड अत्यधिक बह जाने के कारण पल्स डाउन और बीपी कम हो गया था।

इसी प्रकार सिलोर निवासी 28 वर्षीय वर्षा सेन पत्नी हनुमान सेन का भी बुधवार ऑपरेशन हुआ था, उसे भी कोटा रैफर किया गया जहां इलाज के दौरान वर्षा ने भी दम तोड़ दिया। वहीं गुरुवार सुबह भी बीती रात ऑपरेशन से डिलीवरी होने के बाद दबलाना निवासी जीनत पत्नी अलाउद्दीन को भी कोटा रैफर कर दिया गया। अलाउद्दीन ने बताया कि उसकी पत्नी के ब्लडिंग अधिक हो रही थी। इस कारण सुबह कोटा रैफर किया गया है। जीनत का अभी कोटा सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

लगातार दो प्रसूताओं की मौत की खबर से जिला अस्पताल में हड़कंप मच गया। मृतक प्रसूताओं के परिजनों ने बताया कि दोनों प्रसूताओं का इलाज देवपुरा रोड स्थित स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास चल रहा था और ऑपरेशन भी उनके द्वारा ही किए गये। मृतक प्रसूता कविता कुमावत का गुरुवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया, जबकि वर्षा के परिजन ने सिलोर रोड पर शव को रखकर लापरवाह चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

# भरतपुर में अवैध हथियार सहित आरोपी को दबोचा

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर की सेवर थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेवर थानाधिकारी सतीष चन्द ने बताया कि गठित टीम द्वारा अवैध हथियार के मामले में आरोपी योगेन्द्र उर्फ यश पुत्र बबलू उर्फ पिंकू निवासी कूम्हा थाना सेवर को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अवैध देशी पौना (हथियार) को बरामद किया गया है।

थाना सेवर विजयकुमार स.उ.नि. मय जाप्ता गश्त के दौरान जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि गांव कूम्हा पावर के पास में एक व्यक्ति के पास अवैध हथियार हो सकता है, जो किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर स.उ.नि. मय जाप्ता सांकेतिक स्थान पर पहुँचे जहां पर गांव कच्चे रास्ते पर एक व्यक्ति जाता हुआ नजर आया रोक नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम योगेन्द्र उर्फ यश होना बताया।



**मंडफिया : भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 10 सितंबर को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती गुरूवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थिति में पांचवें चरण में हुई। पांचवें चरण से भंडार से 1.66 करोड़ रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व चार चरणों में हुई भंडार गिनती से 25 करोड़ 60 लाख 82 हजार 600 रुपए की नगद प्राप्त हुए थे। पांचों चरणों को मिलाकर 27 करोड़ 26 लाख 82 हजार रुपए 600 नगद प्राप्त हुए। छठे चरण की गिनती 18 सितंबर शुक्रवार को होगी। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष वैष्णव, सदस्य पवन तिवारी, हरिराम गाडरी, प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह, मंदिर व संपदा प्रभारी भेरूगिरी गोस्वामी, कालू लाल तेली, मनोहर लाल चोबीसा, उदय नाथ सहित मंदिर एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।**

# कोटा में संदिग्ध युवक को पकड़ा, चाकू बरामद

**कोटा,** (निसं)। रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन "यात्री सुरक्षा" के तहत रेलवे सुरक्षा बल की अपराध एवं खुफिया शाखा ने सतर्कता दिखाते हुए एक संदिग्ध युवक को पकड़कर उसके कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि आरपीएफ की अपराध एवं खुफिया शाखा की टीम में सहायक उप निरीक्षक विजय बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल कुमार एवं प्रधान आरक्षक देवेंद्र सिंह प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गाड़ी संख्या 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस के इंजन से दूसरे सामान्य श्रेणी कोच के गेट के पास एक युवक यात्रियों के बीच संदिग्ध ढंग से घूमता और उनकी जेबों की ओर हाथ बढ़ाता दिखाई दिया। आरपीएफ जवानों की नजर पड़ते ही युवक ने कोच के भीतर छिपने का प्रयास किया, इस पर टीम ने तत्परता से उसे रोककर पूछताछ की और तलाशी ली तो तलाशी के दौरान उसकी जेब से धारदार चाकू बरामद हुआ। आरपीएफ पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई के लिये आरोपी को जीआरपी पुलिस को सौंप दिया। पकड़ा गया आरोपी बारां निवासी नीरज कुशवाहा (25) है। आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# लाखों के जेवर और नगदी चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के पाली रोड स्थित आफरी रोड कैंपस के आवासीय क्वार्टर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात का पता 16 सितंबर की सुबह कॉलोनीवासियों के जरिए चला।

आफरी में कार्यरत डीडवाना निवासी कानसिंह राठौड़ की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वे आफरी कैंपस जोधपुर में रहते हैं। वे 9 सितंबर को परिवार सहित गांव गए थे और क्वार्टर पर ताला लगा हुआ था। 16 सितंबर को सूचना मिलने पर लौटकर देखा तो क्वार्टर का ताला टूटा मिला तथा कमरे में सामान और कपड़े बिखरे हुए थे। जांच करने पर बक्से में रखे जेवर व 20 हजार रुपये गायब मिले।

# निजी स्कूलों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट जमा कराने की बाध्यता खत्म

- **प्रदेश में पहले से संचालित हजारों निजी स्कूलों की करोड़ों रुपए की राशि बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा है**
- **स्कूलों के सामने अब सवाल है कि जब नए स्कूलों से यह राशि नहीं ली जाएगी, तो वर्षों से जमा उनकी राशि वापस कब और किस प्रक्रिया से मिलेगी**

**बीकानेर,** (निसं)। निजी स्कूलों के लिए शिक्षा विभाग ने फिक्स्ड डिपॉजिट को लेकर बड़ा फैसला किया है। अब स्कूलों की नई मान्यता, क्रमोन्नति सहित अन्य संबंधित प्रक्रियाओं के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट जमा कराने की बाध्यता खत्म कर दी गई है, लेकिन दूसरी ओर प्रदेश में पहले से संचालित हजारों निजी स्कूलों की करोड़ों रुपए की राशि बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा है। इन स्कूलों के सामने अब सवाल है कि जब नए स्कूलों से यह राशि नहीं ली जाएगी, तो वर्षों से जमा उनकी राशि वापस कब और किस प्रक्रिया से मिलेगी।

राजस्थान सरकार के स्कूल शिक्षा (ग्रुप-5) विभाग के 22 जुलाई 2026 के आदेश में निजी स्कूलों की नवीन मान्यता, क्रमोन्नति, अतिरिक्त माध्यम, स्थान परिवर्तन, संकाय/विषय तथा अन्य बोर्ड से संबद्धता आदि के लिए लिए जाने वाले फिक्स्ड डिपॉजिट के प्रावधान को समाप्त किया गया है। आदेश में बताया गया है कि अलग-अलग स्तर की मान्यता के लिए पहले 50 हजार रुपए से लेकर 3 लाख रुपए तक की फिक्स्ड डिपॉजिट निर्धारित थी। यह राशि विद्यालय एवं संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी के नाम से जमा कराने का प्रावधान था।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि निजी स्कूलों के बुनियादी ढांचे और उपकरण संबंधी आवश्यकताओं को आसान बनाने के लिए निजी स्कूलों से फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में ली जाने वाली फिक्स्ड डिपोजिट को पूर्णत: तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है। यही इस फैसले का सबसे अहम पहलू है। नए नियम से भविष्य में निजी स्कूलों को फिक्स्ड डिपॉजिट जमा कराने से राहत मिल गई है, लेकिन पहले से संचालित स्कूलों द्वारा वर्षों पहले जमा कराई गई राशि को लेकर आदेश में कोई स्पष्ट निर्देश नहीं है। यानी आदेश में यह नहीं बताया गया है कि पहले से जमा फिक्स्ड डिपॉजिट को स्कूल कब वापस ले सकेंगे, इसकी प्रक्रिया क्या होगी और संबंधित जिला शिक्षा अधिकारियों के नाम से जमा राशि को स्कूलों को वापस करने के लिए विभाग क्या कदम उठाएगा।

प्रदेश में लंबे समय से संचालित हजारों निजी स्कूलों की ऐसी राशि बैंक खातों में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा होने के कारण अब स्कूल संचालकों की नजर पुरानी जमा राशि की वापसी पर है। उनका तर्क है कि जब सरकार ने भविष्य के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट की आवश्यकता ही समाप्त कर दी है, तो पहले से जमा राशि के संबंध में भी स्पष्ट नीति जारी होनी चाहिए। शिक्षा विभाग के इस फैसले से भविष्य में मान्यता लेने या क्रमोन्नति कराने वाले निजी स्कूलों को बड़ी वित्तीय राहत मिलेगी। वहीं पुराने स्कूलों के लिए अगला सवाल उनकी पहले से जमा करोड़ों रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट का है। विभाग यदि इस राशि की वापसी को लेकर अलग से स्पष्ट आदेश जारी करता है तो लंबे समय से बैंक में जमा रकम स्कूलों के लिए उपलब्ध हो सकेगी।

# पुलिसकर्मी की सड़क हादसे में संदिग्ध मौत

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट में तैनात यातायात पुलिस के जवान सुरेश मुंडेल की सड़क हादसे में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। वे पुलिस और अन्य गाड़ी के बीच फंस गए थे। घटना के समय वे ड्यूटी पर थे। संभवत: पुलिस द्वारा नाकाबंदी की गई थी। दुर्घटना में पुलिसकर्मी की मौत की सूचना मिलने के साथ ही पुलिस के अधिकारी एम्स अस्पताल पहुंचे और कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार राजीव गांधी नगर थानान्तर्गत तिलवाड़ियां फांटा के पास पुलिस की तरफ से अलसुबह नाकाबंदी की गई थी। तब ट्राफिक के कांस्टेबल सुरेश मुंडेल भी स्टाफ के साथ ड्यूटी पर थे। पुलिस की तरफ से बलिया लगा रखी थी। बताया गया कि कांस्टेबल सुरेश मुंडेल पुलिस की गाड़ी के पास में खड़े थे। तब वहां अनियंत्रित होकर आई एक अन्य कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। कांस्टेबल सुरेश दोनों गाड़ियों के बीच में आ गए और हादसे में बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें बाद में तत्काल एम्स चिकित्सालय ले जाया गया, मगर वे बच नहीं पाए।

# हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने 50 हजार-50 हजार का जुर्माना भी लगाया

**बून्दी,** (निसं)। वर्ष 2022 के घटित हत्या की वारदात में शामिल चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित करते हुए 50 हजार-50 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई गई।

लोक अभियोजक भूपेंद्र सक्सेना ने बताया कि बून्दी के कोटा खुर्द निवासी हरिओम पुत्र जमनाशंकर की हत्या के 4 वर्ष पुराने मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम संख्या 2 बूंदी के न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए आरोपी जुगलकिशोर पुत्र मोतीलाल निवासी गणेशपुरा, नवल कुमार पुत्र राम लाल निवासी खेडलादेवजी, गोलू कुमार पुत्र महावीर निवासी चहिचा तथा राकेश पुत्र जटाशंकर निवासी कोटा खुर्द थाना लाखेरी बूंदी को हत्या के आरोप में दोषसिद्ध कर आजीवन कारावास की सजा और अर्थदंड की सजा सुनाई।

लोक अभियोजक भूपेंद्र सक्सेना ने बताया कि 31 दिसंबर 2022 को फरियादी जमनाशंकर पुत्र प्रभूलाल निवासी कोटाखुर्द ने एक दूध डेयरी की गाड़ी चलाने वाले उसके पुत्र हरिओम के साथ माखीदा तिराहे पर हथियारों से लैस होकर 4-5 व्यक्तियों द्वारा मारपीट करके मार कर पटक देने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। प्रकरण में अनुसंधान के बाद थाना गेण्डोली द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया गया, जहां सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 23 गवाह और 83 दस्तावेज पेश किए गए। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई गई। सभी सजाएं साथ साथ चलेगी। अभियुक्त राकेश गिरफ्तारी के उपरांत से ही न्यायिक अभिरक्षा में चला आ रहा था। शेष अभियुक्त को अभिरक्षा में लिया जा कर सजा वारंट के साथ कारागृह भेजा गया।

# भरतपुर में मेयर पद की निर्दलीय उम्मीदवार को धमकियां मिलने का आरोप

## निर्दलीय उम्मीदवार विचित्रा सिंह को नाम वापसी को लेकर धमकियां मिलीं

**भरतपुर,** (निसं)। निगम में मेयर पद को भाजपा से उम्मीदवार अनुराधा सिंह एवं निर्दलीय उम्मीदवार विचित्रा सिंह है। नाम वापिसी का शुक्रवार को अंतिम दिन है। चुनाव 21 सितंबर को होगा।

विचित्रा के पति पूर्व मेयर शिव सिंह भोट ने आरोप लगाया है कि निगम के मेयर उम्मीदवार विचित्रा सिंह के नाम वापिसी को लेकर धमकियां मिल रही है एवं उनके ऊपर प्रशासन द्वारा दबाव भी बनाया जा रहा है। उनके होटल, पेट्रोल पंप एवं कॉलेज के दस्तावेजों के जांच के नाम पर दबाव बनाया जा रहा है। जबकि ये कार्य चुनाव बाद भी हो सकता है।

पूर्व मेयर शिव सिंह ने बताया कि आज बीडीए के अधिकारी पटवारी एवं पुलिस उनके होटल पंहुची थी। शुक्रवार को विचित्रा पक्ष की ओर से प्रेस वार्ता की जा सकती है। इस मामले में मेयर पद की उम्मीदवार विचित्रा सिंह को डराने के वीडियो भी वायरल होना बताया जा रहा है। नगर निगम महापौर के चुनाव में शुक्रवार को नाम बापसी से ठीक पहले बीडीए की टीम कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी विचित्रा सिंह के पति पूर्व महापौर शिवसिंह भोंट के होटल व जमीन को नापने के लिए पहुंच गई। बताया गया कि जब बीडीए के कर्मचारियों से सवाल जबाब कर उनके आने का मकसद पूछा गया तो वे भाग निकले। कर्मचारियों के अनुसार उन्हें बीडीए तहसीलदार ने होटल के सेट बैक की जांच ब होटल का सेट पैक देखने के लिए भेजा था।

बीडीए की इस कार्यवाही को विचित्रा सिंह के परिवार ने कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशियों को धमकाने की कोशिश कर नाम वापिस लेने के लिए दबाव की कार्यवाही बताया है।

बीडीए आयुक्त कनिष्क कटारिया ने बताया कि ऐसा मेरी जानकारी में नहीं है लेकिन पता चलने के बाद जानकारी ली है। रूटीन कार्यवाही के तहत बीडीए के कार्मिक गए थे किसी एक व्यक्तिगत होटल में नहीं गए अन्य होटलो में भी गए हैं। पहले कई होटल वालों को नोटिस दे रखे हैं उनकी जांच पड़ताल में गए थे इसका चुनाव से जोड़ना गलत है।

# जोजरी नदी के प्रदूषित जल से प्रभावित भूमि की जांच के लिए समिति पहुंची

- **कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र की संयुक्त समिति ने क्षेत्र का भ्रमण किया**

**बालोतरा,** (नि.सं.)। डोली-अराबा क्षेत्र में जोजरी नदी के प्रदूषित जल से हुए भूमि प्रदूषण की स्थिति की जांच एवं उसके उपचार के लिए कृषि विभाग, कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र की संयुक्त समिति ने क्षेत्र का भ्रमण किया। समिति ने डोली, अराबा एवं कल्याणपुर क्षेत्र में पहुंचकर किसानों से संवाद किया तथा प्रदूषित जल के भराव और फसलों की स्थिति का जायजा लिया।

समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार, जोधपुर खंड जोधपुर गूगनराम मटोरिया के नेतृत्व में टीम ने जोजरी नदी के बहाव क्षेत्र के आसपास के गांवों का दौरा किया। इस दौरान प्रभावित क्षेत्रों में प्रदूषित जल के भराव की स्थिति, कृषि भूमि एवं फसलों पर पड़ रहे संभावित प्रभाव तथा प्रभावित किसानों की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई गई। समिति में कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के निदेशक अनुसंधान डॉ. मनमोहन सुंदरिय, कृषि विज्ञान केंद्र गुड़ामालानी के प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार पगारिया, क्षेत्रीय निदेशक कृषि अनुसंधान केंद्र मंडोर जोधपुर डॉ. एम.एल. मेहरिया, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार बालोतरा रूपेश लव्वा, सहायक कृषि अधिकारी कल्याणपुर विजेंद्र गर्ग एवं कृषि पर्यवेक्षक डोली मनोज कुमार शामिल रहे।

समिति द्वारा जोजरी नदी के बहाव क्षेत्र के आसपास प्रदूषित जल से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसके तहत प्रदूषित क्षेत्र के विस्तार एवं प्रभावित किसानों की संख्या का आकलन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने किसानों से सीधे संवाद कर भूमि की स्थिति, फसल उत्पादन एवं प्रदूषित जल के भराव से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

कृषि विभाग की ओर से प्रभावित क्षेत्रों से मिट्टी एवं पानी के नमूने लिए जाएंगे तथा उन्हें आवश्यक जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच परिणामों के आधार पर भूमि में प्रदूषण की स्थिति का वैज्ञानिक आकलन किया जाएगा। इसके बाद प्रभावित कृषि भूमि के उपचार एवं सुधार के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। समिति द्वारा क्षेत्र में किसानों से सतत संपर्क रखते हुए भूमि एवं फसलों की स्थिति की जानकारी संकलित की जा रही है, ताकि प्रदूषण के संभावित प्रभावों का वैज्ञानिक आधार पर आकलन कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।